Title : Need to launch and promote horticulture projects and activities in Mahasamund district, Chhattisgarh-Laid.

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): छतीसगढ़ राज्य के मेरे संसदीय क्षेत्र महासमुंद जहां का मैं प्रतिनिधित्व करता हूँ, प्रधानमंत्री आकांक्षी जिलों में से एक है । यहाँ की भूमि मृदा, रेतीली और कठोर है, जिसमे खरीफ की फसल भी पर्याप्त मात्रा मे नहीं होती इस क्षेत्र मे सदैव अल्पवर्षा एवं अकाल की स्थिति बनी रहती है जिससे यहाँ के मध्यम और छोटे कृषकों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है । ऐसी स्थिति में आजीविका के लिए अन्य प्रदेशों में पलायन करना विवश होना है । इसीलिए फसल चक्र परिवर्तन की दिशा मे कृषि कार्य के लिए उद्यानिकी (बागवानी) उपयुक्त होगा जिसके लिए मेरे द्वारा पिछले वित्त वर्ष में विभागीय पत्राचार भी किया गया है । तत्पश्चात मुझे पत्र के माध्यम से सितंबर 2022 तक सम्मिलित होने आश्वस्त किया गया लेकिन वित्तीय बजट 2023-24 पर्यंत तक शामिल नहीं किया गया । अगर सरकार शीघ्र इस दिशा में कदम उठाती है तो निश्चित ही किसान मुख्यधारा से जुड़कर अपनी आर्थिक दशा कों सुधार सकते है, जो अति आवश्यक भी है ।

अतः कृषि मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि घोषित प्रधानमंत्री आकांक्षी जिला महासमुंद के उपरोक्त विषय को संज्ञान मे लेकर विभाग को शीघ्रातिशीघ्र निर्देशित करने की महान कृपा करें ।